कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 01.03.2025

विषय- थाना रामनगर पुलिस द्वारा मारपीट से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के निर्देशन व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक 28/02/2025 को थाना रामनगर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना के आधार पर नारायणपुर, रैपुरिया, थाना अदलहाट,जनपद मिर्जापुर से अभियुक्त उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर सम्बन्धित मु0अ0सं0- 0039/2025, धारा- 115(2)/352/110/191(2) /54 /351(3) बी0एन0एस0 में हिरासत पुलिस में लिया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 28/02/2025 स्थान- नारायणपुर,रैपुरिया, थाना अदलहाट,जनपद मिर्जापुर

घटना का विवरणः- दिनांक- 18/02/2025 को वादी मुकदमा को साहित्यनाका रामनगर वाराणसी गेस्ट हाउस के पास अभियुक्त हर्ष सिंह व अन्य साथियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया जिससे वादी मुकदमा को गंभीर चोटे आयी है

विवरण पूछताछः- अभियुक्त हर्ष सिंह पुत्र सुनील सिंह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी नारायणपुर, रैपुरिया, थाना अदलहाट,जनपद मिर्जापुर पूछताछ पर बता रहा है कि दिनांक 18/02/25 को मैं व मेरा दोस्त अपने साथी के साथ उसके घर अन्य साथियों के साथ पार्टी की गई थी। पार्टी के बाद मैं और मेरे दोस्त के अन्य साथियों के साथ सड़क पर पड़ोसी वादी मुकदमा और उसके पिता से गाली गलौज और मारपीट की गई। तभी वादी मुकदमा और उसके पिता ने फोन करके पुलिस बुला लिया। इसके बाद वादी मुकदमा पुलिस के इंतजार में अपने मकान से थोड़ा आगे बढ़कर साहित्य नाका मोड पर आया था कि मेरे साथी साहित्यनाका मोड़ पर हम लोगो ने वादी मुकदमा को ईट व हाथ पैर से मारा पीटा था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण- हर्ष सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी नारायणपुर, रैपुरिया, थाना अदलहाट, जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 21 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– मु0अ0सं0- 0039/2025 धारा- 115(2)/352/110/191(2)/54 /351(3) बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. का0 गंगा प्रसाद वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 गौरव भारती क्राइम टीम थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।
5. का0 शैलन्द्र सिंह क्राइम टीम थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।